ग्रिड के दिव्यांग छात्रों ने मनाया दीपोत्सव का त्यौहार

चंडीगढ। राजकीय बौद्धिक दिव्यांग जन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सैक्टर - 31 के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने आज दीपोत्सव का त्यौहार दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा एक रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम की शुरुआत एक प्रेरक स्वागत गान - दीप जलते रहें, फूल खिलते रहें, आप आते रहें, हम गाते रहें, स्वागतम, स्वागतम से किया गया। इसमें शैंकी, आशुतोष, वर्षा, नितिन, सूरज एवं मनीष ने गायन किया तथा अलीशा एवं गुरुप्रीत ने ढोलक, आकाश ने काँगो, तुषार ने मंजीरा एवं संगीत शिक्षक रोमी कुमार ने हारमोनियम बजाया।

विशेष विद्यालय के छात्रगण महावीर, साहबजीत, नितिन, तुषार, अभय, हिमांशु, अनूप, वंदना एवं पूजा आदि ने एक अत्यंत मन मोहक सामूहिक डांडिया नृत्य की प्रस्तुति दी। वही साहब जीत, यशिका और दीक्षा ने बॉलीवुड गीत पर युगल नृत्य की प्रस्तुति दी और शिवा ने पंजाबी गीत पर एकल प्रस्तुति दी। इस अवसर पर ग्रिड कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। इसके तहत यहां के विशेष शिक्षको के द्वारा भी गायन के रूप में रामकथा भजन तथा सामूहिक नृत्य शामिल किया गया।

गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, सेक्टर 32 के कार्यवाहक डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के कार्यवाहक डायरेक्टर डॉ ए के अत्री इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की एवं सभी को दीपावली की बधाइयां दी।

इस अवसर पर संस्थान के विशेष विद्यालय के करीब 400 छात्रों एवं कर्मियों की तालिया से परिसर गूंज उठा । यहां दिवाली उत्सव के लिए विशेष छात्रों के द्वारा बनाए गए आभूषण, मामबत्तियां, दिए, शगुन लिफाफे, और मसाला उत्पाद संबंधित प्रदर्शनी भी लगाया गया।

इस अवसर पर संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, विशेष विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या वंदना सिंह, ग्रिड कॉलेज के पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ रवि के एम, क्लीनिक इंचार्ज डॉ रीना जैन, प्रशासनिक अधिकारी श्री जसपाल शर्मा एवं संस्थान के अन्य अधिकारी एवं सभी कर्मी उपस्थित रहे। वीणा शर्मा, रोमी कुमार, मीनू देवी, रितिका ठाकुर, अल्पना गौतम एवं शगुन शर्मा इस कार्यक्रम के समन्वयक थे।

संस्थान के निदेशक डॉ ए के अत्री दर्शकों को संबोधित करते हुए।

नृत्य प्रस्तुत करते हुए विशेष विद्यालय के छात्रगण।

दीपोत्सव का त्यौहार मनाया

चंडीगढ़। राजकीय बौद्धिक दिव्यांग जन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड), सेक्टर-31 के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने आज दीपोत्सव का त्यौहार दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया। बच्चों के द्वारा एक रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत एक प्रेरक स्वागत गान दीप जलते रहें, फूल खिलते रहें, आप आते रहें, हम गाते रहें, स्वागतम, स्वागतम से किया गया। इसमें शैंकी, आशुतोष, वर्षा, नितिन, सूरज एवं मनीष ने गायन किया तथा अलीशा एवं गुरुप्रीत ने ढोलक, आकाश ने काँगो, तुषार ने मंजीरा एवं संगीत शिक्षक रोमी कुमार ने हारमोनियम बजाया।

नृत्य प्रस्तुत करते हुए कॉलेज की छात्राएं।

मीडिया कवरेज

ग्रिड के दिव्यांग स्टूडेंट्स ने मनाया दीपोत्सव

चंडीगढ़ | गवर्नमेंट रिहैबिलिटेशन इंस्टीट्यूट फॉर इंटलेक्चुअल डिसेबिलिटी (ग्रिड) सेक्टर-31 के विशेष बच्चों ने शुक्रवार को दीपों का त्यौहार दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा एक रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इसमें शैंकी, आशुतोष, वर्षा, नितिन, सूरज एवं मनीष ने गायन किया तथा अलीशा एवं गुरुप्रीत ने ढोलक, आकाश ने कांगो, तुषार ने मंजीरा एवं संगीत शिक्षक रोमी कुमार ने हारमोनियम बजाया। ग्रिड के स्टूडेंट्स ने महावीर, साहबजीत, नितिन, तुषार, अभय, हिमांशु, अनूप, वंदना एवं पूजा आदि ने एक अत्यंत मनमोहक सामूहिक डांडिया नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं साहब जीत, यशिका और दीक्षा ने बॉलीवुड गीत पर युगल नृत्य की प्रस्तुति दी और शिवा ने पंजाबी गीत पर एकल प्रस्तुति दी। इस अवसर पर ग्रिड कॉलेज के स्टूडेंट्स ने भी मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। इसके तहत यहां के विशेष शिक्षकों के द्वारा भी गायन के रूप में रामकथा भजन तथा सामूहिक नृत्य शामिल किया गया। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, सेक्टर-32 के कार्यवाहक डायरेक्टर प्रिंसिपल कम इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ. एके अत्री कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विशेष बच्चों के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की।

मीडिया कवरेज